# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी ( नैनीताल )

***UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI ( NAINITAL)***

**प्रवेश अनुभाग**

पत्रांक :यू०ओ०यू० /Admission/2015-16/811/62 दिनांक : 31/12/2025

## प्रवेश संबंधित अधिसूचना

सूचित किया जाता है आगामी सत्र जनवरी 2026 की प्रवेश प्रक्रिया से निम्नवत नियम प्रभावी होंगे -

1- कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम परिवर्तन की व्यवस्था नवीन अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए गए आवेदनों के द्वारा ही प्रदान की जाएगी तथा ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि ही कार्यक्रम तथा पाठ्यक्रम परिवर्तन की अंतिम तिथि रहेगी। इसके अतिरिक्त उक्तवाधि के दौरान यदि प्रवेश प्राप्त करने के पश्चात अभ्यर्थी को मुद्रित एस0 एल0 एम0 की प्रति एम0पी0डी0डी0 द्वारा उपलब्ध करा दी गई होगी तो कार्यक्रम/ पाठ्यक्रम परिवर्तन नहीं होगा।

2- सत्र जनवरी 2026 से पुनः पंजीकरण संबंधी समस्त व्यवस्थाएं समाप्त कर दी गई है अतः इस हेतु कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए किए जाएंगे।

3- विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40% या उससे अधिक है उन सभी को कार्यक्रम शुल्क (program fees) में 100% छूट दी जाएगी तथा शेष समस्त शर्तें पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

4- Lateral Entry/Multiple Entry/ Multiple exit के द्वारा किए जा रहे आवेदनों में व्यवस्था -

ऐसे अभ्यर्थी जो पार्श्व प्रवेश (लेट्ररल एंट्री ) के लिए आवेदन कर रहे है उन अभ्यर्थियों द्वारा यदि पूर्व मे कोई डिप्लोमा /सर्टिफिकेट /पी0जी0 डिप्लोमा पूर्ण किया गया है तो इन अभ्यर्थियों को समय सीमा की बाध्यता नहीं होगी परन्तु ऐसे समस्त आवेदन को विभागीय स्तर से विशेषज्ञ समिति द्वारा परीक्षण किया जाएगा, जिसमे पाठ्यक्रम वार सलेबस का मिलान 70% व उससे अधिक होने के उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी द्वारा पार्श्व प्रवेश (लेट्ररल एंट्री) के लिए आवेदन किया जा रहा है परंतु ऐसा अभ्यर्थी विधिवत डिप्लोमा /सर्टिफिकेट /पी0जी0 डिप्लोमा धारित नहीं करता है अथवा NEP के Multiple Entry Multiple exit संरचना का छात्र नही है तो ऐसे शिक्षार्थियों को अपना पुराना कार्यक्रम छोड़कर उत्तराखंड मुक्त विश्वविधालय के किसी कार्यक्रम मे विधिवत रूप से प्रवेश करने हेतु आवेदन के लिए अधिकतम 02 वर्ष का समय प्रदान किया जाएगा। उपरोक्त दोनों स्थितियों मे पार्श्व प्रवेश (लेट्ररल एंट्री ) तथा पाठ्यक्रम की अधिकतम अवधि के अन्य नियम ओडीएल विनियन 2020 के अनुरूप रहेंगे।

5- अभ्यर्थी को फोटो हस्ताक्षर माता-पिता का नाम व जन्म तिथि को ठीक करने की व्यवस्था केवल नवीन पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी इस हेतु उन्हें One view पोर्टल में उपलब्ध ऑनलाइन फॉर्म का प्रयोग कर आवेदन करना होगा। यह व्यवस्था नवीन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों तक उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें पश्चात फोटो व सिग्नेचर में कोई भी परिवर्तन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। छात्र अपना ई-मेल व मोबाइल नंबर,पते में परिवर्तन इसी लिंक का प्रयोग कर निरंतर रूप से कर सकेगा।

क्रमशः प्रष्ठ सं0 – 02

31/12/2025

**प्रवेश प्रभारी**

**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय**

**हल्द्वानी**

592

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी ( नैनीताल )

## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI ( NAINITAL)

### प्रवेश अनुभाग

6-यूजीसी द्वारा प्राप्त शुल्क वापसी संबंधी नियम-(D.O.No.F.2-71/2022(CPP-II)(C-114546) दिनांक-12/06/2024 को अंगीकृत करते हुए शुल्क वापसी संबंधी नियम निम्नवत रहेंगे। विश्वविद्यालय के पूर्व संगत शुल्क वापसी के नियम अधोलिखित सीमा तक संसोधित कर दिये गये है –

| SL. NO. | Percentage of Refund of fees* | Point of time when notice of withdrawal of admission is received in the HEI |
|---|---|---|
| 1- | 100% | 15 days or more before the formally-notified last date of admission |
| 2- | 90% | Less than 15 days before the formally-notified last date of admission |
| 3- | 80% | 15 days or less after the formally-notified last date of admission |
| 4- | 50% | 30 days or less, but more than 15 days, after formally-notified last date of admission |
| 5- | 00% | More than 30 days after formally-notified last date of admission |

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विशेष परिस्थितियों वाले शुल्क वापसी के नियम पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

7- दो एनरोलमेंट नंबर मर्षण (मार्जिश) संबंधी सूचना-

यदि विश्वविद्यालय में पंजीकृत पूर्व अभ्यर्थी जो कि विश्वविद्यालय की नामांकन संख्या धारित करते हो तथा किसी भी कारणवश किसी अन्य पाठ्यक्रम में पंजीकृत करते हुए नया नामांकन संख्या बना लेता है तो ऐसी स्थिति में उस अभ्यर्थी का नवीन पंजीकरण संबंधी नामांकन संख्या तथा उसमें पंजीकृत पाठ्यक्रम को पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

31/12/24

प्रभारी प्रवेश

प्रवेश प्रभारी
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी